दैनिक जागरण i next
Bareilly, Tuesday, 7 April 2026
BAREILLY EDITION
Price ₹3.50/-
Pages 12

SNS बुलंदशहर की 13 रन, MDC की 183 रनों से जीत

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (6 April): श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी- 20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन सिक्स के छठा और सातवां मुकाबले में रनों की बारिश हुई. दोनों मैचों में आंकड़ा दो सौ रन पार हुआ. छठे मुकाबले में एसएनएस बुलंदशहर ने 222 रन बनाए और जीएसटी आरसीसी बरेली को 209 रन पर रोक कर 13 रन से जीत हासिल की. वहीं, सातवें मुकाबले में मेरठ क्रिकेट एसोसिएशन (एमएसडी) ने 242 रन बनाए और एसआरएमएस किंग्स को 59 रन पर पैवेलियम पहुंचा कर 183 रनों के अंतर से विजयश्री अपने नाम की. जीएसटी आरसीसी बरेली के खिलाफ 10 चौकों और 5 छक्के की मदद से 48 गेंदों पर आक्रामक 90 रन बनाने वाले एसएनएस बुलंदशहर के बल्लेबाज अनुभव सिंह मैन आफ द मैच बने. जबकि एसआरएमएस किंग्स के खिलाफ 24 गेंदों पर 47 रन बनाने के एक विकेट लेने वाले एमडीसी के हर्ष को मैन आफ द मैच घोषित किया गया. एसपी नार्थ मुकेश चंद्र मिश्रा और सीओ हाईवे शिवम आशुतोष ने मैच देखने पहुंचे. एसआरएमएस ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति ने स्वागत किया और टूर्नामेंट की जानकारी दी. दोनों ने मैच का आनंद लिया और खिलाड़ियों को बेहतरीन क्रिकेट खेलने के लिए प्रोत्साहित भी किया. एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम में मंगलवार को नौवां मैच ग्रुप- सी की टीम मेरठ डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन और मनीष स्पोर्ट्स फेडरेशन दिल्ली के बीच खेला जाएगा. वहीं, 10वां मैच ग्रुप- डी की टीम आईके नेक्स्ट जनरेशन बरेली और तेजस्वी स्पोर्ट्स मेरठ के बीच होगा.

कार्यक्रम में गेस्ट भी रहे मौजूद.

देर रात तक चला मैच

छठा मैच एसएनएस बुलंदशहर और जीएसटी आरसीसी बरेली के बीच खेला गया. एसएनएस के कप्तान शिवांक ने टास जीता. उनके फैसले को खिलाड़ियों ने सही साबित किया और टीम ने तीन विकेट के नुकसान पर 222 रन बनाए. इसके जवाब मे जीएसटी आरसीसी बरेली की टीम निर्धारित ओवर में सात विकेट खोकर 209 रन ही बना सकी. नतीजा एसएनएस बुलंदशहर ने 13 रन से मैच जीत लिया. सातवां मैच सोमवार को ग्रुप- सी की टीम मेरठ डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (एमडीसी) और एसआरएमएस किंग्स बरेली के बीच हुआ. एमडीसी के कप्तान प्रशांत ने टास जीता और टीम ने 242 रन का बनाकर 183 रनों से जीत दर्ज कराई.